तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024

11 सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर कांग्रेस आज करेगी धरना-प्रदर्शन



12 बस्तर के क्रांतिकारियों की शहादत अविस्मरणीय : केदार





## खबर संक्षेप

### दरभा बीईओ को ज्ञापन देंगे युकांई आज

**जगदलपुर।** दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुडरा के प्राथमिक शाला में स्कूल भवन के छत से प्लास्टर गिर गया था। जिसमें पांच छात्र घायल हो गए थे। इस प्रकार की दुर्घटना दुबारा न हो एवं अन्य मांगों को लेकर बस्तर जिला युवा कांग्रेस के द्वारा 8 जुलाई को 11 बजे खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह जानकारी बस्तर जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष मुन्नालाल कश्यप ने दी है।

### बिजली समस्या को लेकर धरना आज

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर 8 जुलाई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन ब्लॉक स्तर पर बिजली दर की बेहताशा वृद्धि व अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री सुभाष गुलाटी ने कहा है कि अपने-अपने ब्लॉक के धरना प्रदर्शन में सभी कांग्रेसी उपस्थित होंगे।

### हाईवे में दिख रही पुलिस की सक्रियता



**जगदलपुर।** दंतेवाड़ा मार्ग पर बस्तर जिले के कोड़ेनार थाना में आने जाने वालों को रोक कर जांच की जा रही थी। शनिवार की सुबह थाने के दो जवान वाहनों की डिक्की खोलकर मोबाइल से फोटो ले रहे थे। बताया गया कि वाहनों की चेकिंग की जा रही है। पुलिस की सक्रियता अक्सर हाईवे में ही दिखाई पड़ती है। अंदरूनी इलाकों में जवान कहीं नजर नहीं आते। जब कभी व्हीआईपी का प्रवास हो तब आरओपी लगने पर सड़क में जवानों का समूह दिखाई पड़ता है।

### स्कूल के हास्टल से लापता नाबालिग छात्रा 20 घंटे बाद बरामद

**जगदलपुर।** बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में अध्ययनरत नवमी कक्षा की छात्रा शनिवार शाम हास्टल से लापता हो गई थी। शिकायत के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छात्रा को 20 घंटे बाद बरामद कर लिया है। रविवार देर शाम बयान के बाद नाबालिग बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक निजी स्कूल में नवमीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रा पेट दर्द का बहाना कर अपने परिचित के साथ हॉस्टल से चली गई थी। इसकी जानकारी लगने के बाद परिजनों ने उसके गुम होने की शिकायत बोधघाट थाना में दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश पर निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम का गठन कर बच्ची की पतासाजी शुरू की गई थी। पता तलाश के लिए शहर से निकलने वाले मार्गों में नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी।

# जिप्सी में तीरथगढ़ सहित अन्य जगहों पर भ्रमण कर सकेंगे सैलानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा मानसून टूरिज्म के लिए पहल की जा रही है। राष्ट्रीय उद्यान 15 जून से 30 सितंबर तक बंद रहता है, जिससे जिप्सी चालकों और गाइड के रोजगार के साधन कम हो जाते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए उद्यान के निदेशक ने मानसून टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं तैयार करने पर जोर दिया है।

इस योजना में पर्यटन स्थलों से पर्यटकों को जोड़ने के लिए टूर ऑपरेटर, जिप्सी चालक, जिप्सी गाइड, होम स्टे संचालक, और फिल्ड स्टाफ के साथ मिलकर मानसून सीजन हेतु योजना तैयार की गई है, जिससे लोग मानसून में भी भ्रमण कर सकें। पर्यटक बारिश में भी कर सकेंगे भ्रमण पर्यटकों के लिए कांगेर घाटी के आस-पास के गांवों को जोड़कर नई गतिविधियों के साथ पैकेज तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें पर्यटक अपने अनुसार बुक कर भ्रमण कर सकेंगे।

**गांवों को जोड़कर नई गतिविधियों के साथ पैकेज तैयार किए जा रहे**




### होमस्टे, कैंपिंग की होगी सुविधा

उद्यान के निदेशक चुड़ामणी सिंह ने बताया कि पर्यटक जगदलपुर से भी जिप्सी बुकिंग कर सकते हैं। कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं जहां तक परिवहन की सुविधा नहीं होने के कारण पर्यटकों की पहुंच नहीं हो पाती है, जिससे पर्यटक एक दिन में कई जगहों का भ्रमण कर पाएंगे। इसके अलावा, जो पर्यटक रुकना चाहते हैं उनके लिए होमस्टे, कैंपिंग, और रिजॉर्ट की सुविधा होगी, जिससे वे गांव की गतिविधियों का भी लुफ्त उठा सकेंगे।

### पैकेज में नए स्थल शामिल

पर्यटकों के लिए सर्किट में मांदरकोंटा गुफा, तीरथगढ़ जलप्रपात, धुड़मारास ईको विलेज, टोपर वॉटरफॉल, सीजनल वाटरफॉल जैसी नए स्थल शामिल हैं। इस पैकेज में ट्रेकिंग, नेचर वॉक, फेस्टिवल टूर, बर्ड वाचिंग, एजुकेशनल टूर, स्टार गेजिंग, कल्चरल टूर, जंगल साउंड थेरपी जैसी गतिविधियां सम्मिलित हैं।

## लापरवाही: पांच वर्ष से नही ली गई है स्कूल भवनों की सुध

# डीएवी के जर्जर स्कूल भवनों में अध्ययनरत हजारों बच्चों की जान इस साल भी आफत में


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

जिले के सभी सातों ब्लॉक में संचालित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भवनों की स्थिति काफी खराब है इन जर्जर भवनों में एलकेजी से 12 वीं तक दो हजार के लगभग बच्चे अध्ययनरत है। हरिभूमि की पड़ताल में पता लगा कि इन जर्जर स्कूलों का पिछले पांच वर्ष से किसी ने भी सुध नहीं ली है। इन स्कूलों में कभी भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि स्कूलों की दिवारों में दरार पड़ चुकी है। वर्षों से रखरखाव नहीं होने से स्कूल के कमरों में सीलन व बदबू से भी बच्चे व अध्यापक परेशान है। गौरतलब है कि नए शिक्षा सत्र की शुरूआत 26 जून को हो चुकी है। बड़े धूमधाम से जिले के सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया था। लेकिन अब भी जिले के दर्जनों स्कूल जर्जर अवस्था में है। दरभा ब्लॉक के छोटे गुडरा प्रायमरी स्कूल में छत का प्लास्टर बच्चों के उपर गिरने से पांच बच्चे घायल हो गए थे, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया था। वर्तमान में भी जर्जर स्कूलों की संख्या दर्जनों में है। जानकारी के मुताबिक मॉडल स्कूलों को कन्वर्ट करके वर्ष 2016 में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों का संचालन किया गया था। डीएवी स्कूलों के शुरू होने के तीन वर्ष बाद वर्ष 2019 में एक बार रंगरोगन किया गया था लेकिन इसके बाद से पिछले पांच वर्षों से इन स्कूलों की सुध नहीं ली गई है। जिले में संचालित सात स्कूलों में एलकेजी से 12 वीं तक हजारों की संख्या में बच्चे अध्ययनरत है। बावजूद बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में नहीं रखा जा रहा है जर्जर हो चुके इन स्कूलों में बच्चे पढ़ रहे है जिसके चलते बच्चों की सुरक्षा को लेकर पालकों व अध्यापकों को भी चिंता सता रही है।

- जिले के सभी ब्लॉक में संचालित है डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल






### शिक्षा विभाग में नहीं आता, लेकिन भवन जर्जर

डीएवी स्कूल के रखरखाव का जिम्मा शिक्षा विभाग का नहीं है लेकिन जिले में संचालित स्कूल भवनों की स्थिति खराब है। दरभा ब्लॉक के छिन्दावाड़ा डीएवी स्कूल का निरीक्षण किया गया था और उसकी स्थिति भी जर्जर है। तत्काल रिपेयरिंग किया जाना है जिसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

**बीआर बघेल,** जिला शिक्षा अधिकारी, बस्तर

### यहां संचालित है डीएवी स्कूल

जिले के सभी ब्लॉकों में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल का संचालन किया जा रहा है। जगदलपुर ब्लॉक के आड़ावाल, दरभा ब्लॉक के छिंदावाड़ा, बकावण्ड ब्लॉक के उलनार, लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के धाराउर, तोकापाल ब्लॉक के सिंगनपुर में डीएवी स्कूल संचालित है। दयानंद एंग्लो वैदिक डीएवी शिक्षा प्रणाली से नर्सरी से हायर सेकेण्डरी तक के बच्चों को यहां अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जाती है। बावजूद फंड व मानिटरिंग के अभाव में इन स्कूलों की स्थिति वर्तमान में खराब है।

### उलनार में 423 बच्चे अध्ययनरत

बकावण्ड ब्लॉक के उलनार में संचालित डीएवी स्कूल में वर्तमान में 423 बच्चे अध्ययनरत हैं। इनमें एलकेजी व यूकेजी में 35-35, आठवीं में 8, नवमी में 35, 10 वीं में 18 तथा 12 वीं में 11 बच्चे पढ़ रहे है। इस स्कूल की बात करें तो यहां की दीवारों में दरार पड़ चुकी है। बाहर से भवन किसी खण्डहर से कम नजर नहीं आता है हालांकि अंदर कुछ हद तक रखरखाव का प्रयास किया गया है लेकिन दीवारों में दरार, सीपेज व शौचालयों में गंदगी का आलम है। अध्ययनरत बच्चों के पालकों का कहना है कि कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है और भवनों के शीघ्र रखरखाव की दरकार है। इस स्कूल के प्रिंसिपल ने 3 जुलाई को बस्तर सांसद महेश कश्यप को पत्र लिखकर स्कूल की जर्जर स्थिति की जानकारी देते हुए बताया था कि पिछले कुछ वर्षों से स्कूल भवन का मरम्मत नहीं किया गया है। भवन की दीवारें जीर्ण शीर्ण हो चुकीं हैं।

## ठगी के रुपए से लग्जरी गाड़ी में तफरीह करने वाला शातिर गिरफ्तार

**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र के कगोंली खपराभट्टी इलाके में रहने वाले शातिर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जो ठगी के रूपए से लग्जरी गाड़ी में तफरीह करता था। हैदराबाद के व्यापारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा।

जानकारी के मुताबिक निलगिरी पेड़ की लकड़ी देने के नाम से ठगी करने की लगातार शिकायत के बाद परपा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ठगी की रकम से टाटा हैरियर गाड़ी में ऐशो आराम से घूमने वाले आरोपी को पकड़ा है। आरोपी द्वारा लोगों से निलगिरी पेड़ की लकड़ी देने के नाम से एडवांस में पैसे लेकर ठगी करने की शिकायतें पुलिस को मिली थी। आरोपी के खिलाफ प्रार्थी नरेन्द्र बाबू निवासी हैदराबाद ने आरोपी अंकित यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि निलगिरी पेड़ की लड़की देने के नाम से एडवांस लेकर लकड़ी नहीं दिया और झुठा निलगिरी पेड़ की लकड़ी की लोड ट्रक की फोटो तथा माल का फर्जी बिल वाटसएप के माध्यम से भेजकर ठगी किया है। रिपोर्ट पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग के मार्ग दर्शन व एसडीओपी केशलूर विश्व दीपक त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी परपा दिलबाग सिंह के नेतृत्व में शातीर ठग अंकित यादव की पतासाजी की जा रही थी। जिसके बाद आरोपी को थाना क्षेत्र के कगोंली खपराभट्टी इलाके से उस समय गिरफ्तार ▶▶| शेष पेज 10 पर



- निलगिरी पेड़ की लकड़ी देने के नाम पर लाखों की ठगी
- कगोंली खपराभट्टी इलाके से आरोपी गिरफ्तार

## लंबे समय से धान का उठाव न होने से सूखत से भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धान उपार्जन केंद्रों से निर्धारित समयावधि में धान का उठाव नहीं होने से धान में होने वाले सूखत के नुकसान की भरपाई छग शासन से होने अथवा दिलाने विधायक लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर अपनी जनसमस्याओं को कर्मचारियों ने रखा। विधायक से कहा गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समिति जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित एवं विपणन संघ के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध के बिंदु क्रमांक 2.7 में यह स्पष्ट उल्लेख है कि खरीदी केंद्र में धान की बंफर स्टॉक की सीमा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के द्वारा तय किया जाये। खरीदी केंद्र में धान की मात्रा बंफर स्टॉक से ज्यादा होने पर 72 घंटे के भीतर उसका उठाव किया जाना है। विधायक ने कहा कि धान उपार्जन केंद्र के प्रभारियों के द्वारा धान खरीदी के लिए निर्धारित मापदंडो एवं अनुबंधों का पालन करते हुए ही धान का खरीद का कार्य किया गया। शासन के अनुबंध अनुसार निर्धारित समयावधि में केंद्रों से धान का उठाव नहीं होने के कारण व लम्बे समय तक धान उपार्जन के केंद्रों में रखे रहने के कारण स्वभाविक रुप से होने वाले सूखत की भरपाई उनसे की जाती है जो प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के विपरीत है। उन्होंने कहा कि धान खरीद संग्रहण एवं उठाव के लिए होने वाली कार्यवाही कार्य प्रणालियों में सभी पक्ष की स्थिति परिस्थितियों पर गौर करते ▶▶| शेष पेज 10 पर

- समिति सदस्यों ने विधायक से लगाई गुहार



## भक्तों को दर्शन देने श्री मंदिर से निकले जगत के नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गोंचा महापर्व धूमधाम से मनाया गया, जगदलपुर में 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में 600 वर्षों से अधिक समय से यह महापर्व मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न समाज की सहभागिता रहती है। रविवार को शहर के सिरहासार स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, भगवती सुभद्रा देवी के विग्रहों की सुबह मंगला आरती की गई। मंगला आरती के बाद दशावतार पूजन हुआ। सुबह सूर्य पूजा और द्वारपाल पूजा हुई। भगवान को भोग-प्रसाद लगाया गया। शाम 5 बजे के बाद नंदिघोष रथ में भगवान जगन्नाथ, तालध्वज रथ में भगवान बलभद्र और देवदलन रथ में भगवती सुभद्रा को रथारूढ़ किया गया। तीनों रथ में 24 अलग-अलग विग्रहों को हरि बोल जयघोष के साथ पंडितों ने रथारूढ़ किया। तत्पश्चात बस्तर महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव ने तीनों रथों में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और भगवती सुभद्रा को रथारूढ़ करने के बाद छेरा पहरा विधान पूजा की। भगवान दर्शन करने शहर समेत दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या ▶▶| शेष पेज 10 पर

- ग्रामीणों ने बांस से बनी तुपकी चलाकर दी भगवान को सलामी



### सिरहासार में 9 दिन तक होगा धार्मिक कार्यक्रम

गोंचा महापर्व समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया वर्ष में एक बार भक्तों को दर्शन देने भगवान श्री मंदिर से निकल कर जनकपुरी (मौसी मां) मंदिर में जाते है। पूरे विश्व में जगन्नाथ अकेला ऐसा मंदिर है,जहां मुख्य विग्रह ( प्रतिमा) गर्भ गृह से निकलकर 9 दिनों तक जनकपुरी मंदिर में भक्तों को दर्शन देते हैं। अध्यक्ष ने बताया 9 दिनों तक समाज के विभिन्न ग्रामों से जजमान के द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन जनकपुरी में किए जाएंगे।




## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने सरकार को बताया, जनता विरोधी

# बिजली के दाम में बढ़ोतरी करना जनता पर अत्याचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रवार्ता में कहा कि भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में 80 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है यह जनता पर अत्याचार है। बिजली दर में 8 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ति है ऐसे में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, हकीकत में पिछले दो माह से बिजली के बिल दुगुने आ रहे है। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है। स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ता को लूटने कि तैयारी भाजपा सरकार कर रही है कांग्रेस इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था। जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रुपए तक की बचत हुई है। पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति और भयावह हो जाती है, घंटों बिजली गोल हो जाती है। पत्रवार्ता में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स, उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय, निगम अध्यक्ष कविता साहू समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

**लो वोल्टेज की समस्या शहर से लेकर गांव तक :** दीपक बैज ने कहा कि भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थाएं। सरकार एक तो पूरे समय ▶▶| शेष पेज 10 पर

- बिजली बिल के दाम में वृद्धि को वापस ले सरकार



### कांग्रेस राज में 24 घंटे मिलती थी बिजली

कांग्रेस सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से बिजली की खरीदी की जाती थी और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था।

**6 माह में चरमराई बिजली व्यवस्था :** कांग्रेस सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा सरकार में 6 माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है, आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रही हैं।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9425260296, 9131893124

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

### विधायक के प्रयास से 2 हजार करोड़ स्वीकृत, बनेगी बाईपास रोड



**केशकाल।** केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम विधायक बनने के बाद से विधानसभा क्षेत्र के मुख्य समस्याओं एवं जन अपेक्षित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत कराने के लिए जुटे हुए हैं। इस कड़ी में बहुत लम्बे समय से अटके हुए केशकाल घाटी के बीच से बनने वाले बाईपास मार्ग के निर्माण का कार्य फिर प्रारंभ कराने का है । जिसके लिए विधायक नीलकंठ टेकाम लगातार केंद्र सरकार के परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी से मिल मिलकर प्रयास करते रहे । अंततः विधायक के प्रयास को परिणाम मिल ही गया। विधायक नीलकंठ टेकाम की पहल के चलते छत्तीसगढ़ सरकार के अनुशंसा को सहमति प्रदान करते धमतरी से जगदलपुर तक मार्ग विस्तार करते केशकाल घाटी में 11 किमी फ्लाईओवर बनाने के लिए 2 हजार करोड़ रूपया की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। विधायक नीलकंठ टेकाम ने बहुप्रतीक्षित निहायत जरूरी काम के लिए स्वीकृति दिलाने में क्षेत्रीय सांसद भोजराज नाग उपमुख्यमंत्री अरूंण साव , विजय शर्मा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरंणदेव सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री मुख्यमंत्री के सहयोग और केंद्रीय परिवहन मंत्री के सौजन्य से ही यह स्वीकृति मिल पाई है ।

### कार से साइलेंसर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** बैंक के सामने खड़ी इको कार में लगे साइलेंसर की चोरी करने वाले आरोपी को अर्जुनी व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी निवासी ठाकुरराम साहू 52 वर्ष ने गुरूवार की रात्रि अपनी इको कार को गांव में स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने खड़ा किया था। दूसरे दिन कार से साइलेंसर गायब था। चोरी गए साइलेंसर की कीमत लगभग 40 हजार है। पीड़ित की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। नाइट पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को आमदी में एक व्यक्ति को कार के पास संदिग्ध रूप से खड़ा दिखा। पेट्रोलिंग पार्टी को देख वह छिपने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़कर पूछताछ की।
पूछताछ में उस व्यक्ति ने अपना नाम चन्द्रजीत यादव बीरगांव निवासी बताया। उसने आमदी में बैंक के सामने खड़ी इको कार से साइलेंसर की चोरी करना स्वीकार किया। वहीं अन्य इको कार की भी चोरी की है। साइलेंसर चोरी करने के संबंध में आरोपी ने बताया कि साइलेंसर में लगे प्लेटेनियम को निकालकर अधिक कीमत में बेचते थे। वहीं साइलेंसर को 10-15 हजार में बेच देते थे। पुलिस ने चोरी के साइलेंसर व घटना में प्रयुक्त 5 लाख कीमत की होण्डा सिटी कार को जब्त किया है।

# कोंडागांव वनमंडल में लगाए जाएंगे इस साल 10 लाख पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव वन मंडल द्वारा नगर वन कोपाबेड़ा में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। यहां नीम, जामुन आम, साल, इमली, अमरूद आदि पौधे रोपे गए। स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने यहां पौधा रोपा।

इस अवसर पर कहा कि वन से जीवन है, इसलिए वन का संरक्षण और संवर्धन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के साथ ही उनका संरक्षण भी हम सभी का दायित्व है। एक वृक्ष मां के नाम से चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत हम सभी एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें।

रकोंडागांव वन मंडल द्वारा इस वर्ष लगभग दस लाख पौधे लगाए जाएंगे। इनमें दो स्थानों पर प्लांटेशन का कार्य के अंतर्गत 25 हजार पौधे रोपे जाएंगे। इसके साथ ही पूर्व वर्षों में किए गए वृक्षारोपण में क्षतिग्रस्त पौधों के स्थान पर 55 हजार नए पौधे लगाए जाएंगे। किसान वृक्ष मित्र योजना 8 लाख 68 हजार पौधे लगाए जाएंगे। वृक्ष प्रदाय योजना के अंतर्गत भी इमली, मूंगा, नींबू, आम, आंवला अमरूद आदि पौधे निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।

**खास बातें**
- कोपाबेड़ा नगर वन में किया गया वन महोत्सव का आयोजन
- विधायक सुश्री उसेंडी ने किया पौधरोपण




#### ये रहे उपस्थित

नगर वन में आयोजित वन महोत्सव में नगर पालिका के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, वन मंडलाधिकारी श्री आरके जांगडे, भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार सहित जनप्रतिनिधिगण एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी, छात्र–छात्रएं तथा बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ईंट, खपरैल, खिड़की, दरवाजे को खुले में छोड़ा

# स्कूल परिसर में रखी निर्माण सामग्रियों से बच्चों को खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शिक्षण सत्र 24-25 की शुरुआत 26 जून से हो चुकी है। बच्चे हंसी खुशी स्कूल पहुंच रहे हैं, लेकिन स्कूल परिसर में बेतरतीब ढंग से पड़ी सामग्री से बच्चों को चोट लगने से बड़ा नुकसान हो सकता है। इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

कुरुद ब्लाक के ग्राम पंचायत कोर्रा में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला एक ही परिसर में संचालित हैं जहां एक जर्जर घोषित भवन के दो कमरे को ढहाया गया था। जिसका ईंट, खपरैल, खिड़की, दरवाजे मलबा सहित अन्य सामग्री स्कूल परिसर में बेतरतीब ढंग से पड़ी हुई है। वहीं बच्चे छुट्टी के समय खेलते रहते हैं, जिससे



चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। पालकों का कहना है कि स्कूल परिसर में पड़ी सामग्री में धारदार नुकीले कील लगे हुए हैं। जमीन पर पड़े मलबे में बारिश के दिनों में कीड़े मकोड़े जहरीले जीव जंतु आदि हो सकते है जिसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ सकता है।

स्कूल के प्रभारी प्रधानपाठक का कहना है कि पंचायत द्वारा जर्जर भवन के सामग्री को संरक्षित किया जा रहा है। शेष बचे कार्य के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत किया गया है। इस संबंध में कोर्रा सरपंच चोवाराम साहू ने बताया कि जर्जर भवन का कार्य पंचायत द्वारा किया जा रहा है। मजदूरों के अभाव में कार्य में विलंब हुआ है। जल्द ही स्कूल परिसर को व्यवस्थित किया जाएगा।

## कोरगांव में महिलाओं ने लिया जल संरक्षण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जल शक्ति अभियान याने कैच द रेन अभियान के तहत ग्राम कोरगांव में आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। नारी शक्ति से जल शक्ति थीम वाले इस अभियान में जल संरक्षण एवं प्रबंधन में महिलाओं की अभिन्न भूमिका पर बल दिया गया है। यह अभियान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय जल मिशन, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

जल शक्ति अभियान जल संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन प्रयासों में नारी शक्ति अग्रणी भूमिका निभा रही है। महिलाओं ने अपने सामूहिक प्रयासों के माध्यम से जल संसाधनों का संरक्षण प्रभावी रूप से किया है। महिलाओं में अनुकूलन एवं नवाचार करने की क्षमता है, जो जल संसाधन प्रबंधन में एक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपनी शक्ति एवं क्षमता का प्रदर्शन करती है। भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का लक्ष्य है, जिससे देश की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी, जिसके कारण देश में पानी की मांग बढ़ेगी जिसे प्रभावी एकीकृत जल प्रबंधन के माध्यम से पूरा किया जाएगा। भारत में पानी की मांग भूजल एवं वर्षा पर बहुत ज्यादा निर्भर करती है।

- जल शक्ति अभियान

### झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग

**धमतरी।** शहर व ग्रामीण अंचल में क्लिनिक खोलकर मरीजों का उपचार कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों की शिकायत मिलने लगी। स्वास्थ्य विभाग से कार्रवाई की मांग की गई है।

ग्रामीण अंचल में झोलाछाप डाक्टर लंबे समय से प्रेक्टिस कर रहे हैं। केस बिगड़ने पर अपना हाथ खड़ा कर मरीज को शहर के अस्पताल का रास्ता दिखा देते हैं। देर होने पर मरीज की जान पर बन आती है। आखिरकार मरीज को शहर के अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। झोलाछाप डॉक्टर द्वारा रिफर किए गए मरीज उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन में पीएचसी सिर्री रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में मोतियाबिंद ऑपरेशन में धमतरी जिला प्रथम स्थान पर रहा। इसके लिए धमतरी जिले को सम्मानित किया गया है। मोतियाबिंद ऑपरेशन में धमतरी जिला अंतर्गत कुरूद ब्लाक सबसे आगे रहा। सभी उपलब्धि हासिल करने में जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों की अहम भूमिका



रही। मोतियाबिंद ऑपरेशन में सेक्टर सिर्री में कार्यरत कीर्तन साहू नेत्र सहायक अधिकारी का विशेष योगदान रहा। इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके मंडल, डॉ. जेएस खालसा और डॉ. आर. सूर्यवंशी द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। उन्होंने अपनी उपलब्धि का सारा श्रेय बीएमओ डॉ. यूएस नवरत्न एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्री के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके कामड़े एवं समस्त सीएचओ और आरएचओ सेक्टर सिर्री को दिया है। विदित हो कि उनके मार्गदर्शन में ही ग्राम संकरी में स्व. केजा बाई साहू और स्व. महासिंग साहू द्वारा नेत्रदान का कार्य भी संपन्न करवाया गया है।

### शिक्षक संघ ने किया नए बीआरसीसी का स्वागत

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मगरलोड ने नये बी.आर.सी.सी. के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर तामेश्वर सिंह ठाकुर का स्वागत कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। जिस पर श्री ठाकुर ने अतिशीघ्र समस्याओं के समाधान की बात कही। मुलाकात करने वालों में जिला कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ एवं प्रवक्ता कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन डेवेश साहू, जिला उपाध्यक्ष जयंत साहू, ब्लॉक अध्यक्ष मगरलोड बेदराम साहू, कोषाध्यक्ष झुमुकलाल साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष लुकेश्वर निषाद, प्रवीण साहू, दिलीप कोठारी,ब्लॉक प्रवक्ता महेश साहू, संयुक्त सचिव दुष्यंत साहू, प्रचार मंत्री गैंदराम धीवर, मीडिया प्रभारी राकेश साहू सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल थे।

## माकड़ी का महावीर कृषि केंद्र 21 दिन नहीं कर सकेगा व्यापार, लगा प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा शनिवार को कृषि सामग्री विक्रय करने वाली दुकानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान माकडी स्थित महावीर कृषि केंद्र में स्टॉक पंजी का संधारण नहीं पाया गया। इस कारण दुकान को व्यापार के लिए 21 दिन के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। इसके साथ ही शामपुर के महेश ट्रेडर्स में मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किए जाने के कारण नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के उप संचालक डीपी तांडे, सहायक संचालक दीपक शर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आनंद नेताम उपस्थित रहे।

- मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किए जाने पर शामपुर के महेश ट्रेडर्स को नोटिस



### मौसम खुला होने से बाजार में दिखी रौनक आलू व प्याज हुआ महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रविवार को मौसम खुला होने से साप्ताहिक बाजार में शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार सब्जी लेने पहुंचे थे, जिससे बाजार में रौनक दिखी। खरीददारों के अनुसार बाजार में सब्जियों का राजा आलू महंगा होने से आर्थिक का बोझ ज्यादा रहा और प्याज भी महंगा होने से गृहणियों को बजट प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा बोड़ा 200 रूपए सोली तथा फुटू 200 रुपए एक भाग में बिक रहा है। साथ ही बाजार में टमाटर 40-50, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 50, बरबटी 40, करेला 80, आलू 50, प्याज 50, अदरक 200, लहसून 200 रुपए किलो, लालभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

## बोड़ा के बाद अब फुटू उछला, भाव सुनकर शौकीनों के उड़े होश





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के जंगलों में प्रोटीन और अन्य पौष्टिक तत्वों से भरे बोड़ा और फुटू का नाम सुनते ही शौकीनों की तबियत मस्त हो जाती है। मानसून में पहली बारिश के बाद बाजार में बोड़ा निकला। अब बाजार में फुटू लेकर ग्रामीण पहुंच रहे हैं। यह दोनों ही सब्जी मशरूम प्रजाति में आते हैं। फुटू के एक ढेर का दाम 500 रुपए सुनकर शौकीनों के होश उड़ने लगे। पूरे परिवार के लिए कम से कम 2000 रुपए की सब्जी पर्याप्त होगी। रविवार को संजय मार्केट के अलावा पैलेस रोड में मिताली चौक तक बोड़ा और फुटू लेकर ग्रामीण बैठे हुए थे। मंहगे मशरूम को देखकर कई शौकीन दाम सुनकर खिसकते रहे। असल में मंहगे मशरूम की सब्जी बनाना हर किसी के बस में नहीं होता।

## दो किशोरी हुईं लापता, स्कूल प्रबंधन ने दोनों को थाने पहुंचाया






हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

नगर की दो छात्रा कल स्कूल छुट्टी के बाद शाम को घर ना आकर बस में बैठकर केशकाल से बाहर अन्यत्र चलीं गईं थीं। जिसका जानकारी स्कूल प्रबंधन को मिलाने पर दोनों छात्रा को केसकाल लाकर आज सुबह पुलिस थाने में सुपुर्द किया गया है। अब मिडिया के सक्रियता से पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई कर रही है।

पुलिस त्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार घटना में रांतना थाना फरसगांव निवासी एक युवक निषाद को केसकाल पुलिस द्वारा 6 जुलाई को पकड़कर केसकाल लाने के साथ उनका बहन को भी साथ में लाकर मामले के वारे में पूछताछ करने के साथ दोनों नाबालिग छात्रा को बालसंरक्षण विभाग कोंडागांव में ले जाने का जानकारी मिली है। युवक को थाना केसकाल में रखा गया है। मामले की जानकारी थाना केसकाल की जांच अधिकारी एसआई साहू ने मीडिया को दी है।

## बारिश शुरु होते ही उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बारिश लगते ही अंचल में उल्टी-दस्त की शिकायतें बढ़ने लगी हैं। जिला अस्पताल में उपचार के लिए उल्टी-दस्त पीड़ित मरीजों के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया है।

बारिश का मौसम अपने साथ कई बीमारियां भी लाता है। इस मौसम में खानपान में लापरवाही के कारण उल्टी-दस्त व जनजनित रोग डायरिया का खतरा बढ़ जाता है। तापमान में चढ़ाव उतार होने के कारण मौसमी बीमारियां सर्दी, खांसी, बुखार व वायरल फीवर तेजी से फैलने लगता है। हालांकि इस सीजन में बारिश कम होने से अभी तक डायरिया की शिकायत नहीं आई है, लेकिन तापमान में उतार- चढ़ाव के कारण लोग सर्दी, बुखार से पीड़ित होने लगे हैं। वहीं उल्टी दस्त के मामले बढ़ने लगे है।

जिला अस्पताल में भी रोजाना उल्टी-दस्त के इक्के दुक्के मरीज उपचार के लिए पहुंचने लगे हैं। बीत चार दिनों में जिला अस्पताल में उल्टी-दस्त के पांच मरीजों ने दस्तक दी है। ग्राम आमदी के भेनुबाई 40 वर्ष, कुमारीबाई बंजारे तेंदूकोन्हा 65 वर्ष उल्टी-दस्त से पीड़ित थी। जिसे संजीवनी 108 से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इसी तरह शुक्रवार को ऐशकुमार जोधापुर 35 वर्ष, पुष्पा साहू 30 वर्ष सांकरा निवासी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह सर्दी व बुखार के मरीज भी उपचार के लिए पहुंचने लगे हैं।



#### खानपान में सावधानी बरतें : डॉ. वानखेड़े

मेडिसन स्पेशलिस्ट डा. संजय वानखेड़े ने बताया कि बरसात के दिनों में मौसमी बीमारियां ज्यादा फैलती हैं। इस सीजन में उल्टी-दस्त के मरीजों का आना शुरु हो गया है। बचाव के लिए खानपान में विशेष सावधानी आवश्यक है। बासी खाना, सड़े-गले फल, गंदा पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। हमेशा ताजा व गर्म भोजन करें।

## पेज 9 के शेष

### ठगी के रुपए से...

किया गया जब वह अपने टाटा हैरियर गाड़ी में घूम रहा था। आरोपी ने पूछताछ में प्रार्थी से 1.75 लाख रूपए ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 40 हजार रूपए नकद व टाटा हैरियर गाड़ी जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक दिलबाग सिंह के अलावा एएसआई अजीत सिंह, अविनाश कुमार झा, प्रधान आरक्षक सुधीर मिश्रा, जोगी लाल बुड़ेक, राकेश सिंह, आरक्षक रविन्द्र ठाकुर, गोबरू राम कश्यप व परमानंद भोयर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### लंबे समय से धान का उठाव...

हुए तथा इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए ठोस निर्णय लिया जाये। ताकि किसी के साथ अन्याय ना हो पाये इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर समिति प्रबंधको के निवेदन पर शासन न्याय करें।

### भक्तों को दर्शन देने...

में श्रद्धालु पहुंचे थे। महापर्व में भगवान के दर्शन में वनमंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, महापौर सफीरा साहू रथयात्रा में सम्मलित होकर अन्य भक्तों के साथ रथ को खींचा। रथयात्रा के आगे-आगे ओड़िशा के ग्राम सिरसी से पहुंचा धार्मिक सांस्कृतिक दल ओड़ियि कीर्तन में ढोल, मंजीरा बजाते थिरकते चल रहे थे। सिरहासार स्थित जगन्नाथ मंदिर से गोल बाजार जय स्तम्भ चौक,मिताली चौक व दन्तेश्वरी मंदिर चौक तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी जो मेला की शक्ल में रहा। युवा, बच्चे तुपकी लेकर एक दूसरे पर मारते महापर्व का आनंद लेते नजर आए। रथ का परिक्रमा गोल बाजार, जय स्तम्भ चौक, मिताली चौक, दन्तेश्वरी मंदिर चौक होकर श्री गुंडिचा मंदिर पहुंचा। जहां भगवान के समस्त 24 विग्रहों को विराजित किया गया। आज से पूरे 9 दिनों तक भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और भगवती सुभद्रा भक्तों को दर्शन देंगे।

### बिजली के दाम में बढ़ोतरी...

बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं।

# सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर कांग्रेस आज करेगी धरना-प्रदर्शन

## पूर्व मंत्री कवासी लखमा होंगे सुकमा जिला मुख्यालय में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा



विधायक पूर्व मंत्री कवासी लखमा का दो दिवसीय दौरा रहा। शुक्रवार देर शाम के कोण्टा पहुंचे लखमा ने ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोड्डू राजा, जनपद अध्यक्ष सुन्नम नागेश, नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोयम भीमा, मड़कम कृष्णा सहित कोण्टा नगर के पार्षद देवी, सुरेश, विक्की, सेमल कुमारी, सेमल सूरज, कट्टम राधिका, बी रामू, अंजू गुप्ता, सरपंच दयामती, बदरा वहीदुल्ला, एस प्रकाश, शेख शब्बीर, नामीर अली तथा अन्य जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से कोण्टा क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली और देश में चल रहे राजनीतिक उथल-पुथल की बाते अपने पार्टी समर्पित जनप्रतिनिधियों से की। सुकमा से लेकर दोरनापाल, कोण्टा तक जगह-जगह कार्यकर्ताओं से मिलते कोण्टा पहुंचे कवासी लखमा की वापसी शनिवार मध्याह्न को हुआ। इस दौरान पूर्व मंत्री ने सरकार पर मूलभूत सुविधाएं बिजली व्यवस्था तथा बिजली बिलों में बढ़ोत्तरी से उपभोक्ताओं को होने वाले नुकसान को लेकर भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए निंदा की। और विगत कुछ महिनों से गरीबों को दिए जाने वाले फ्री राशन वितरण में लगातार कटौती के चलते सेल्समैन तथा पंचायतों पर मानसिक दबाव एवं लोगों को परेशान किए जाने की बात कही। और कहा कि अगर तत्काल इस राशन आबंटन में सुधार कर गरीबों को राशन नही देती हैं, तो आने वाले दिनों में जिला स्तर पर बड़ा धरना-प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी और करेगी।



### नवीन प्राशा भवन का विधायक ने किया उद्घाटन

शनिवार के पूर्व मंत्री कोण्टा विधानसभा विधायक कवासी लखमा ने ग्राम पंचायत डुब्बाटोटा में नवीन प्राथमिक शाला भवन का उद्घाटन कर स्कूल शिक्षा विभाग को भवन सौंपा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बबिता माड़वी, जिला पंचायत सदस्य कर्तम मुया, जनपद उपाध्यक्ष माड़वी देवा, सरपंच ग्राम डुब्बाटोटा मड़कम देवा, जनपद सदस्य परसे दुल्ले, पूर्व सरपंच पुनेम मासा, पुजारी पुनेम हिरमा, पेरमा पुनेम रमा, लेयो दुर्गा समेत समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धरना-प्रदर्शन प्रभारी ये है

प्रदेश कांग्रेस के निर्देश अनुसार जिला कांग्रेस की अध्यक्ष महेश्वरी बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ब्लॉक स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेगी। जिसके लिए ब्लॉक वार प्रभारी की नियुक्ति कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई है। जिपं उपाध्यक्ष बोड्डू राजा को दोरनापाल का प्रभारी, सुखराम यादव को कोण्टा का प्रभारी तथा राजेश नारा को जगरगुंडा, सुसांतो राय को सुकमा ग्रामीण, पोडियामी आयता को सुकमा शहर, राजेश भदौरिया को छिंदगढ़, राजू राम नाग को तोंगपाल का प्रभारी बनाया गया है। वहीं इस धरना-प्रदर्शन में पूर्व मंत्री कवासी लखमा विशेष रूप से जिला मुख्यालय के धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### फोटोग्राफी का आधारभूत प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के तत्वाधान में 1 से 5 जुलाई तक फोटोग्राफी टूर का आयोजन किया गया है। जिसके तहत नई दिल्ली से आई प्रोफेशनल फोटोग्राफरों की टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण करते हुए एनआरएलएम की दीदियों, युवोदय स्वयंसेवकों को कैमरा सेटिंग, फोटोग्राफी एंगल, लाइटिंग जैसी फोटोग्राफी से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। आज उपरोक्त फोटोग्राफरों की टीम द्वारा जिला पंचायत बैठक कक्ष में ली गई तस्वीरों का पीपीटी के माध्यम से प्रजेन्टेशन कर, प्रत्येक फोटो के पीछे के विचार और जानकारी के बारे में चर्चा की गई तथा फोटोग्राफी से संबंधित आधारभूत जानकारी दिया गया। इस कार्यशाला में फोन के कैमरे के माध्यम से अच्छी तरह से तस्वीर लेने और कैमरा सेटिंग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### स्कूलों में किचन गार्डन की तैयारी



**भोंड।** नवीन शिक्षा सत्र के प्रारम्भ में यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से बस्तर विकास खण्ड के सभी शालाओं में किचन गार्डन का निर्माण किया जा रहा है। स्कूल खुलते ही माध्यमिक शाला कुड़कानार में पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी प्रधान मंत्री पोषण शक्ति योजना अन्तर्गत किचन गार्डन (पोषण वाटिका)पर काम किया जा रहा है। ताकि स्कूली बच्चों को शुद्ध, ताजी और पौष्टिक सब्जियां मिल सके। कुड़कानार विद्यालय के बच्चे काफी जागरूक हैं। यहां शिक्षक एवं बच्चे मिलकर सब्जी उगाते है। इसलिए बच्चे वर्ष भर स्कूल में उगाई सब्जियां ही खाते हैं। आने वाले दिनों में हमें भरपूर सब्जियां मिलेंगी, ऐसी उम्मीद की जा सकती है। इस बार यहां पपीता, कटहल, बरबटी, भिन्डी, लौकी, तोरई, ग्वारफली उगा रहे है।

### थाना परिसर में फल व छायादार पौधों का रोपण



**किरंदुल।** वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत डीएव्ही पब्लिक स्कूल किरंदुल द्वारा स्थानीय पुलिस थाना परिसर में आज फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पीएल वर्मा एवं रेंजर लीडर तृप्ति श्रीवास्तव, गाइड कैप्टन अनामिका एक्का, स्काउटर नारायण प्रसाद एवं थाना प्रभारी दीनानाथ वैष्णव, हेमंत साहू उपनिरीक्षक, के. सीमा चलम सहायक उपनिरीक्षक, अनिता चौधरी सहायक उपनिरीक्षक, नरेश मंडल प्रधान आरक्षक और विद्यालय के स्काउट-गाइड एवं रेंजर छात्र-छात्राओं के सहयोग से पपीता, अमरुद, आंवला, कटहल, सहजन, नींबू के पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण की समस्या एवं ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए आज की स्थिति में वृक्षारोपण का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। जिसमें उपरोक्त अतिथियों एवं बच्चों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## मिलन समारोह में शामिल हुए अधिकारी-कर्मचारी

### आदिवासी समाज की एकता और आपसी भाईचारे पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किलेपाल



सामाजिक सामुदायिक भवन विकास खंड लोहंडीगुड़ा में शनिवार को समस्त विभागों के आदिवासी अधिकारी-कर्मचारियों का मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, बिरसा मुंडा, सावित्रीबाई फुले, रानी दुर्गावती, सिद्धू-कान्हू मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गौतम गहीर मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोहंडीगुड़ा, विशिष्ट अतिथि सुखराम मंडावी व्याख्याता एवं पवन नेताम राजस्व निरीक्षक की उपस्थिति में समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में मंचासिन अधिकारियों को हल्दी चावल का टीका लगाकर, सफेद गमछा पगड़ी पहनाकर किया गया। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने मिलकर एक स्वर में आदिवासी समाज की एकता और आपसी भाईचारे में रहकर सहयोग करने पर जोर दिया और सभी ने एकस्वर से शिक्षा को सर्व प्राथमिकता देते हुए बच्चों को शत-प्रतिशत स्कूलों, कॉलेजों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। जिससे कि आदिवासी युवा आईएएस, आईपीएस, आईआरएस जैसे उच्च पदों पर आसीन हो और एक सफल उद्यमी, उन्नत कृषक बनकर समाज को संगठित और मजबूती प्रदान करने में सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। जिससे आदिवासी समाज भी निरन्तर विकास की मुख्य धारा में जुड़कर कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़े।

### सम्पूर्णता अभियान की हुई शुरूआत

**दंतेवाड़ा।** विकासखण्ड कुआकोंडा स्थित डेनेक्स भवन में भी 4 जुलाई को सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया था। जिसका उद्देश्य 30 सितम्बर से पूर्व चयनित 6 विकास सूचकांकों को शत- प्रतिशत संतृप्तिकरण करना था। कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। जिनमें एनआरएलएम के स्व-सहायता समूहों को चक्रीय निधि का चेक प्रदाय करना, समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे हल्दी, फिनाइल, झाड़ू, डिस्पोजेबल कप की प्रदर्शनी का अवलोकन, महिला बाल विकास विभाग द्वारा बाल संदर्भ कार्यक्रम, गोद भराई, अन्नप्रासन आयोजन एवं पोषण टोकरी वितरण आदि कार्यक्रम प्रमुख थे। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा संपूर्णता अभियान रैली निकाली गई।

## सीईओ जपं एवं एसडीओ को हटाने सरपंच संघ ने विधायक से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गीदम की कार्यप्रणाली से नाराज सरपंच संघ गीदम ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को हटाने की मांग आज विधायक चैतराम अटामी से की है। सरपंच संघ का कहना है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सरपंचों के साथ आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य नहीं किया जाता। वहीं निर्माण कार्य की राशि जारी करते समय कमीशन की मांग की जाती है। जिससे पंचायत के विकास में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### कमीशन की करते है मांग

साथ ही सरपंच संघ ने अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को भी हटाने की मांग विधायक चैतराम अटामी से की है। उन्होंने कहा कि एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा निर्माण कार्य पूरी होने पर सी सी जारी करने के लिए लागत राशि के हिसाब से कमीशन राशि की मांग की जाती है, जो पंचायत के विकास के लिए उचित नहीं है। इनको हटाकर ऐसे अधिकारी को पदस्थ करना चाहिए, जो मिलनसार हो और सबको साथ लेकर कार्य करें।

### विधायक निवास के अनर्गल टिप्पणी के पूर्व अपने गिरेंबा में झांके पंत : शैलेश

**गीदम।** भाजपा मंडल महामंत्री एवं किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी शैलेश अटामी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि संजय पंत



जो तथाकथित किसान यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष बताते है। वह स्पष्ट करें कि इनका किसान यूनियन आज तक किन-किन किसानों के बेहतरी के लिए काम किया है। ये किसान संगठन एवं सामाजिक संगठन का चोला ओढ़कर राजनीति करते फिर रहे है। यदि इनको राजनीति करनी है, तो कोई भी राजनीतिक दल में शामिल होकर मैदान में आए। इनके बयानों से साफ जाहिर होता है, ये किसानों की नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी की बी टीम के रूप में कार्य कर रहे है और यह अपने आप को आदिवासी हितैषी बताते हैं। संजय जवाब दे कि ये किन-किन आदिवासी युवाओं से एनएमडीसी में नौकरी के नाम पर पैसे लिए थे। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष आवराभाटा दंतेवाड़ा की पेरमा बाई का पैसा लेकर वापस मांगने पर समाज की धमकी देने का मामला सामने आया था। अटामी ने जारी प्रेस नोट में कहा कि विधायक जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि है। इसलिए जिला प्रशासन का विषय है कि उनको कौन सा आवास देना है।

### कलेक्टर ने ली साक्षरता कार्यक्रम की बैठक

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रगति के संबंध में आज बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षरों के सर्वे को समय-सीमा में पूर्ण कर ऑनलाइन प्रविष्टि भी करने, शिक्षार्थी एवं स्वयं सेवी एवं साक्षरता केन्द्र का चिन्हांकन और उनको आकर्षक बनाने हेतु निर्देशित किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष नवभारत साक्षरता कार्यक्रम द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र को संचालित करने के लिए व्हीटी. के रूप में स्वयं सेवी, जनप्रतिनिधि, टाईट के अध्ययनरत बच्चे, शिक्षक एवं 10वीं, 12वीं में अध्ययनरत बच्चों का चयन किया जाये।

## इंस्पायर अवार्ड एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में जिले के 3 विद्यार्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार और राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत (एनआईएफ) के द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से वर्ष 2022-23 राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 1 एवं 2 जुलाई को एवं मेंटरशिप प्रोग्राम 3 एवं 4 जुलाई को दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में जिला के गीदम विकासखंड अंतर्गत शासकीय मिडिल स्कूल जावंगा के विद्यार्थी राजू मिडियामी ने स्पेशल मल्टीपरपज कटर का कार्यरत मॉडल, शासकीय कन्या मिडिल स्कूल बारसूर की छात्रा दुर्गेश्वरी ध्रुव ने बैग विथ सैनिटरी पाउच इंडिकेटर मॉडल एवं कटेकल्याण विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भूसारास की छात्रा प्रमिला करटामी ने लेग माउस फॉर हैंडीकैप मॉडल राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रस्तुत किया। बच्चों के प्रस्तुति को अतिथियों एवं राजनांदगांव जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। इंस्पायर अवार्ड जिला नोडल अधिकारी देवेंद्र सोनी ने बताया कि वर्ष 2022-23 हेतु 5 एवं 6 मई 2024 को ऑनलाइन में आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में कुल 62 विद्यार्थी हिस्सा लिये एवं 4 विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया। जिसमें एनआईएफ छत्तीसगढ़ राज्य समन्वयक प्रज्ञा रीतापर्ण, एनएमडीसी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दंतेवाड़ा के लेक्चरर डॉ. वैभव प्रताप सिंह, शासकीय एबी गोलछा, हायर सेकंडरी स्कूल महासमुंद के लेक्चरर डॉ. ज्योतिकिरण चंद्राकर ने निर्णायक भूमिका निभा कर चयन प्रक्रिया पूर्ण किया।

## छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर ब्लॉक के कुड़कानार हाईस्कूल में आज प्रवेश उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप व डीएमसी अखिलेश मिश्रा ,एबीईओ सुशील तिवारी, खंड स्त्रोत समन्वयक राजेन्द्र ठाकुर की मौजूदगी में प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरित किया गया। इस दौरान संकुल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने प्रस्तुति देने वाले छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए नगद राशि प्रदान की। विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात एक पेड़ मां के नाम थीम पर स्कूल परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया और बच्चों के साथ जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने न्योता भोज का आनंद लिया। मुख्य अतिथि मनीराम कश्यप ने पालकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करें और उन्हें रोजाना स्कूल भेजें। सरकार के द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने हर तरह का अथक प्रयास किया जा रहा है। छात्रों को भी सरस्वती योजना के तहत साइकिल मिलेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष उदबोराम नाग ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने माता-पिता की भावनाओं के अनुरूप काम करें, साथ ही गुरुजनों के प्रति हमेशा सम्मान का भाव रखें। बच्चों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों के साथ-साथ गुरुजनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप सभी अपने बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करें। वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सुनहरे भविष्य एवं अच्छे प्रदर्शन के पीछे निश्चित तौर पर आप लोगों का विशेष योगदान होता हैं, आप सभी लगन व निष्ठा से पढ़ायें।

डीएमसी अखिलेश मिश्रा व एबीईओ सुशील तिवारी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सराहना की। हाईस्कूल प्राचार्य सईदा खान ने अतिथियों को संकुल क्षेत्र के विभिन्न जानकारी देते हुए हाईस्कूल से हायर सेकेण्डरी स्कूल कुड़कानार में मांग की गई। यहां से बच्चे निकलने के पश्चात स्कूल दूर होने के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे है। साथ ही ओपन परीक्षा संचालित करने की मांग की गई। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री किरण सेन, भुवनेश्वर ठाकुर, दयाराम बघेल, धनंजय ठाकुर, नारायण सिंह मौर्य, अनिल सिंह ठाकुर, अनीता दर्रो सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### निधन

#### आरपी खुराना



**जगदलपुर।** लालबाग निवासी आरपी खुराना का रविवार की सुबह निधन हो गया। वे पवन खुराना, कमल, रवि एवं राजेश खुराना के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा लालबाग नेहरू मंच के पास स्थित निवास से आज दोपहर 3 बजे निकाली गई। अंतिम संस्कार प्रवीर वार्ड स्थित खड़कघाट के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिवार के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में नागरिक सम्मलित हुए।

## 120 अप्रवेशी एवं 622 शाला त्यागी बच्चों को कराया शाला प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

विकासखंड भोपालपटनम में शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव स्वर्गीय राजेंद्र पामभोई मिनी स्टेडियम में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि निर्मला मरपल्ली जपं अध्यक्ष, अध्यक्षता रंजीता तामडी जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथियों में जपं उपाध्यक्ष मिचा मुतैया, जिपं सदस्य बसंत राव ताटी, नपं अध्यक्ष रिंकी कोरम, उपाध्यक्ष संतोष कुमार बोरे, पार्षद शेख रज्जाक, विजार खान, नीरज, सुकुना तालंडी की उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों के हाथों विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा विकासखंड के शिक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया इस प्रवेश उत्सव में कुल 120 अप्रवेशी एवं 622 शाला त्यागी बच्चों को शाला प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निर्मला मरपल्ली ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश वाचन को पढ़कर सुनाया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा शाला त्यागी छात्र-छात्राओं एवं नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को बड़े ही सम्मान के साथ तिलक लगा, फूल माला पहनाकर, मिष्ठान खिलाकर पाठ सामग्री के साथ स्वागत किया गया। शिक्षा सत्र 2023-24 में विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किए हुए सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर ने दिए ओपीडी बढ़ाने के निर्देश

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा विगत दिवस स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर प्रबंधन के साथ-साथ ही ओपीडी बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाया गया है कि बाह्य रोगियों को स्वास्थ्य केंद्र में देर तक प्रतिक्षा करना पड़ता है, इसकी नौबत नहीं आनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अंदरुनी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र या उप स्वास्थ्य केंद्र में भी ओपीडी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने चितालंका आयुष्मान आरोग्य मंदिर को बन्द करने, ग्रामीण चिकित्सा सहायक शत्रुहन सोनी को प्राथमिक स्वा. केन्द्र गदापाल ड्यूटी करने, कासोली ग्रामीण चिकित्सा सहायक को 1 दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार को कासोली एवं गुरूवार, शुक्रवार, शनिवार को कोर्ट में ड्यूटी करने, जिस आरएमए, सीएचओ का मूल पद जहां है उनकी पदस्थापना वहीं करने के निर्देश दिए।

## संस्कार द गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया 18वां स्थापना दिवस

बिजनेस साइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




संस्कार द गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल का 18वें स्थापना दिवस जिसके निदेशक अमित कुमार जैन तथा चेयरमैन रतन लाल जैन के कर कमलों द्वारा 2006 में अस्तित्व में आया। 2006 की एक उज्वल सुबह थी जब श्री जैन शिक्षण एवं जनविकास समिति के तत्वावधान में संस्कार पब्लिक स्कूल में पहली घंटी बजी। जिसने शिक्षा में एक नए युग की शुरुआत की। स्कूल के संस्थापक रतन लाल जैन और निदेशक अमित कुमार जैन का एक ऐसा दृष्टिकोण था जहां सर्वांगीण विकास विकसित हो सकें और फल-फूल सकें। दो साल बाद, संस्कार परिवार ने 2008 में वृंदावन कॉलोनी क्षेत्र में गौशाला से पाठशाला तक किराए के परिसर में संस्कार द स्मार्ट स्कूल की स्थापना के साथ विस्तार किया। बाद में 2012 में इस स्कूल को बालाजी मंदिर के पास एक नया परिसर मिला। जहां यह वर्तमान में संस्कार द स्मार्ट स्कूल के नाम से जाना जाता है। परिवार की सुमन और नवीन भावसार के निर्देशन में पाठ्यक्रम में नवीन शिक्षण विधियों और प्रौद्योगिकी को शामिल करने के साथ जगदलपुर के सबसे सफल प्राथमिक विद्यालय के रूप में भी चल रहा है। यात्रा सतत जारी रही और 2010 में, संस्कार पब्लिक स्कूल के स्थान पर संस्कार गुरुकुल का नवीनीकरण और नाम बदलकर चिडाईपदर में 3 साल के लिए पूरी तरह से छात्रावास अवधारणा में स्थापित किया गया। बाद में अविभावकों और लोगों की बहुत मांग होने पर इसे सभी के लिए खोल दिया गया। पारंपरिक मूल्यों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों के साथ मिलाकर। गुरुकुल का चरित्र विकास और जीवन कौशल पर जोर माता-पिता और छात्रों दोनों को पसंद आया।

गुरुकुल को 2012 में माध्यमिक स्तर पर सीबीएसई से मान्यता मिली और 2014 में निदेशक सह प्राचार्य अमित कुमार जैन सर के नेतृत्व में वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर क्रियान्वित रहा। यह कोविड के बाद 2021 में सभी आईएसओ प्रमाणन के साथ बस्तर क्षेत्र का पहला अंतरराष्ट्रीय स्कूल बन गया। साथ ही 2019 में संस्कार ने एनएमडीसी संस्कार का एक और पंख जोड़ा, नगरनार स्टील प्लांट टाउनशिप क्षेत्र में स्मार्ट स्कूल प्री प्राइमरी से शुरू हुआ जो आज कक्षा 5 तक है।

सेवा, साधना, सत्संग का एक अनूठा स्तंभ लेकर आज यह संस्था जिसमें कुल दर्ज संख्या 2200 छात्रों और 12000 लोगों के जीवन को सीधे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रही है। जहां 800 से अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। पिछले 18 वर्षों में प्रेरणास्रोत गुरुदेव रविशंकर एवं श्रद्धेय स्व. केशव राम जैन थे। जिन्होंने हमें इसे वास्तविक और सुदृढ़ बनाने का आशीर्वाद दिया। आज के वर्तमान समय में कर्मठ कर्मचारियों की संख्या लगभग 250 है जो इस संस्था से जुड़ कर अपना सेवा दे रहे है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ली शिक्षा एवं आदिवासी विभाग की बैठक

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आज स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कार्यों के साथ-साथ समस्त छात्रावासों, आश्रमों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सोमवार तक करवाने, इस संबंध में सहायक आयुक्त द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने, मंडल संयोजकों द्वारा प्रति सप्ताह का निरीक्षण रिपोर्ट सहायक आयुक्त के माध्यम से प्रेषित करने, इसके साथ ही हॉस्टल में रहने वाले समस्त छात्र-छात्राओं के पालकों के साथ बैठक का 15 जुलाई तक आयोजन कर के प्रतिवेदन प्रस्तुत करने, के संबंध में निर्देश दिये।

इसके साथ ही कलेक्टर ने विशेष रूप से मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सही करने और बच्चों को पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध कराने को भी कहा। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि पंजी में नियमित रूप से अवलोकन करने के साथ-साथ शनिवार को मेन्यू अनुसार खीर-पूड़ी या अंडा मिल रहा है या नही इसका अवश्य अवलोकन करें। इसी प्रकार शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि जिला स्तर तथा विकासखण्ड स्तर के अधिकारी प्रति सप्ताह 10-10 शालाओं का नियमित निरीक्षण करेंगें एवं संकुल समन्वयकों द्वारा प्रति सप्ताह समस्त शालाओं का नियमित निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जावेगा।

### बीजादूतीर स्वयंसेवकों का हुआ कार्यशाला

**बीजापुर।** जिला प्रशासन यूनिसेफ के संयुक्त रूप से संचालित बीजादूतीर कार्यक्रम अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य पर गांव स्तर में लोगों के प्राथमिक सहायता के लिए मैं हूं ना थीम पर जिला पंचायत सभा कक्ष सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार की उपस्थिति में बीजादूतीर स्वयंसेवकों का कार्यशाला आयोजित किया गया। छग एग्रीकॉन समिति के मास्टर ट्रेनर दानिश के. हुसैन के द्वारा स्वयंसेवकों को देखना, सुनना और जोड़ना तीन सिद्धान्तों पर प्रशिक्षित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि लोगों को कई विभागीय योजना नही मिलने से या कोई भी कार्य समय में ना बनने से लोगों में कई मानसिक अस्वस्थता आ जाती है। इस दौरान तनाव एवं अस्वस्थता के साथ दैनिक कार्य करना मुश्किल होता है। ऐसे स्थिति से बाहर निकालने एवं लोगों को सहयोग करने के उद्देश्य से बीजादूतीर मन मित्र स्वयंसेवक को तैयार किया गया। साथ ही स्वयंसेवकों को हेल्प लाइन नंबर की जानकारी भी दी गई, ताकि गांव के अंतिम व्यक्ति तक सुविधा मिल सके। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ हेमन्त रमेश नंदनवार ने स्वयंसेवकों से चर्चा किया।

## बस्तर के अमर क्रांतिकारियों के स्मृति में निर्मित भूमकाल चौक का हुआ लोकार्पण

# बस्तर के क्रांतिकारियों की शहादत अविस्मरणीय : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





देश की आजादी में अपनी कुर्बानी देने वाले बस्तर के जननायकों की स्मृति में रविवार को जगदलपुर शहर के हृदय स्थल में भूमकाल चौक का लोकार्पण किया गया। बस्तर विकास प्राधिकरण मद के अंतर्गत 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित भूमकाल चौक का लोकार्पण वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप सहित विधायक जगदलपुर किरणदेव द्वारा किया गया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने भूमकाल विद्रोह के विषय में क्रांतिकरियों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि बस्तर में हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजों के खिलाफ कई विद्रोह किये। शहीद गुंडाधुर, शहीद डेबरीधुर तथा कई अमर शहीदों ने बस्तर व आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। इसमें एक प्रमुख आंदोलन भूमकाल विद्रोह रहा है। जिसमें हमारे पूर्वजों ने बस्तर की जल, जंगल और जमीन को अंग्रेजों से बचाने के लिए महत्ती भूमिका निभाई जो अविस्मरणीय है। इन वीर शहीदों के फलस्वरूप हम अपने बस्तर में अब खुशहाल रह रहे हैं। उन्होंने बस्तर के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार की कटिबद्धता व्यक्त करते हुए इस दिशा में निरन्तर सजगता के साथ पहल करने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर सांसद बस्तर महेश कश्यप ने कहा कि हमारे महापुरुषों का बहुत बड़ा इतिहास रहा है। हमारे जनजातीय क्रांतिकारियों ने आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ कई लड़ाईयां लड़ी। हमारे पूर्वजों ने हमारी संस्कृति को बचाने के लिए काफी संघर्ष किया है। उनकी शहादत के स्मरण में निर्मित यह भूमकाल चौक हमें हमेशा प्रेरित करेगी। वहीं विधायक किरणदेव ने भूमकाल चौक के लोकार्पण अवसर पर सभी बस्तरवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर में आजादी के लिए हमारे क्रांतिकारियों के योगदान से बस्तर के पहचान को लेकर हम हमेशा कार्य करते रहें यह प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर सफीरा साहू, जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, कलेक्टर विजय दयाराम के. तथा निगम आयुक्त हरेश मंडावी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विधायक ने रूद्राक्ष का पौधा लगाते कहा सभी मां के नाम पर एक पौधा लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- शीतला माता परिसर में आंवला, बेल, अमरूद, नीम के पौधे का रोपण



वन विभाग द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत अटल बिहारी वाजपेई वार्ड के शीतला माता मंदिर परिसर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने पौधारोपण किया। महापौर सफीरा साहू, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, कलेक्टर विजय दयाराम के. एवं जनप्रतिनिधियों ने भी पौधारोपण किया। विधायक ने रुद्राक्ष पौधे का रोपण करते कहा कि मां का नाम के तहत सभी एक पौधा अवश्य लगाये, साथ ही उसका संरक्षण भी करें। वन ही जीवन है, इसका महत्व समझना आवश्यक है। पेड़ों के कारण हमारा जलवायु सुरक्षित व संरक्षित रहता है। पेड़ों का संरक्षण व संवर्धन करना हम सबका दायित्व है। जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग प्रजातियों के पौधे का रोपण किया। जिसमें आंवला, सिंदूरी, बेल, अमरूद, नीम व अन्य प्रजातियों के पौधों शामिल थे। इस दौरान पार्षद शंभू नाग, डीएफओ उत्तम गुप्ता, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, आर्येन्द्र आर्य, अविनाश श्रीवास्तव, पुजारीगण व वार्डवासी उपस्थित थे।

## नगर गोंचा गुड़ी का शुभारंभ...



**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम द्वारा तैयार नगर गोंचा गुड़ी का फीता काटकर वनमंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, महापौर सफीरा साहू, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, कलेक्टर विजय दयाराम ने शुभारंभ किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, कोंडागांव जिला अध्यक्ष दिपेश अरोरा, 360 घर आरण्यक समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी, गोंचा समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे, एमआईसी सदस्य गण ,पार्षदगण, आयुक्त हरेश मंडावी एवं आरण्यक समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# पेंशनर विरोधी धारा विलोपित करना सबके हित में आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पेंशनर संघ की बैठक में मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय

जब तक मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6 ) को विलोपित नही किया जाएगा तब तक भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ शांति से बैठने वाला नही है। उक्त धारा को विलोपित कराना ही हमारा एक मात्र लक्ष्य है पेंशनर विरोधी इस धारा को विलोपित कराके ही दम लेंगें। यह बातें स्थानीय आंध्र समाज भवन में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग की बैठक के दौरान संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने कही। उन्होंने कहा कि इस धारा को हटाने के लिए संगठन दृढ़ संकल्पित है और इस दिशा में आवश्यक कदम उठाते हुए जल्दी संगठन के पदाधिकारी मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रखेंगे। बैठक में सदस्य संख्या वृद्धि और संगठन की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। इस दौरान डी रामन्ना राव, किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, नागेश कापेवार, दिनेश कुमार सिंघल, एलएस नाग, एनएस सेवता, अब्बास अली, एसपी ठाकुर, पीएस ठाकुर, आनिंध्य बागची, एसडी माझी, बीबीएस ठाकुर, विजय विश्वास, हेना विश्वास, शबनम जहीर, इंद्राणी नंदी, सरोज साहू, जयमनी ठाकुर, शुभ्रा कुंडू एवं मीता मुखर्जी मौजूद थे।

# संघ ने की समस्याओं का निराकरण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- न्यायिक कर्मचारी संघ ने किया प्रार्थना सभा



न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश एवं अंजुमन हिमायत चपरासीयान संघ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को आयोजित प्रार्थना सभा के समर्थन में न्यायिक कर्मचारी संघ द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के सभी न्यायिक कर्मचारी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश राज्य के न्यचायिक कर्मचारियों द्वारा जो प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है, उसका समर्थन न्यायिक कर्मचारी संघ भी कर रहा है। सभी अपने-अपने धर्मो के अनुसार अपने ईष्टदेव से प्रार्थना करते हैं कि उत्तर प्रदेश के न्यायिक कर्मचारियों एवं उनके साथ-साथ भारत वर्ष के समी न्यायिक कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र निराकरण हो सके। प्रार्थना सभा में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान, जिला संयोजक आरडी तिवारी, न्यायालय अधीक्षक प्रखर तिवारी, न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय प्रवक्ता संतू साहू, वाहन चालक संघ के अध्यक्ष मोतीलाल वर्मा एवं सभी न्यायिक कर्मचारी शामिल रहे। न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य की तरह ही छत्तीसगढ़ का न्यायिक कर्मचारी संघ भी अनेक समस्याओं जैसे शेट्टी कमीशन की अनुशंसओं का पूर्ण रूपेण लागू नहीं होना, अनुशंसओं के अनुरूप न्यायिक कर्मचारियों को उच्चतर वेतनमान प्रदान ना करना आदि से ग्रसित है, जिनका शीघ्र निराकरण आवश्यक है।

## संत रावतपुरा सरकार का प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मना...






जगदलपुर। इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में सद्गुरू रावतपुरा सरकार महाराज के प्राकट्य दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रात: 10 बजे कॉलेज कैंपस में पौधरोपण किया गया। उसके बाद सद्गुरू के पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों के द्वारा सभी को प्रसाद वितरण किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष डॉ. जेके उपाध्याय मौजूद थे।

# राज्य की कानून व्यवस्था बदहाल : बैज



- आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में राजधानी में आदिवासी असुरक्षित

**जगदलपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जारी बयान में कहा कि राज्य में एसपी कलेक्टर कार्यालय जलाये जा रहे, मॉबलीचिंग हो रही, थाने में चाकूबाजी हो रही सरकार सुशासन का राग अलाप रही। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासी सुरक्षित नहीं है। बस्तर का आदिवासी अब रायपुर में भी सुरक्षित नहीं है। आदिवासी बच्चे को पीट-पीट कर मार डाला जा रहा है। बस्तर के लोहंडीगुड़ा में रहने वाला 21 साल का युवा मंगल मुरिया का कसूर क्या था उसने पढ़ाई करने नया रायपुर के एक निजी कॉलेज में एडमिशन लिया था। उसका सिर्फ इतना ही कसूर था कि वह मासूम आदिवासी था। उसने बड़ी मासूमियत से रास्ता पूछा था, लिफ्ट मांगा था उसको सरेआम गाड़ी में बैठा कर ले जाया गया और पीट-पीट कर मार डाला गया। हत्यारों ने उसका एटीएम कार्ड छिन लिया पिन मांग रहे थे वह गरीब का बच्चा पिन नहीं बताया तो मार डाला। क्या यही है कानून का राज जहां पर रास्ता पूछने पर एक कॉलेज के छात्र को मार डाला गया। आदिवासी मां-बाप ने अपने बच्चे को पढ़ाने का सपना देखा था। उन्हें क्या पता था छत्तीसगढ़ में कानून का नहीं जंगल राज चल रहा है। उसका बच्चा पढ़ लिख कर अपना कैरियर नहीं बना पायेगा, भाजपा के राज में उसकी लाश घर वापस आई। पुलिस निष्क्रिय और निकम्मी बन गयी है।

### अपराधी हो रहे बेलगाम, जनता भयभीत

दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री को समझ ही नहीं आ रहा कि करना क्या है। अनुभवहीन गृहमंत्री दिग्भ्रमित है। कानून का राज कौन स्थापित करेगा, 6 माह में ही प्रदेश की जनता को यह लगने लगा है कि राज्य में कोई सरकार है ही नहीं है। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है नागरिकों को भय के माहौल में जीवन जीना पड़ रहा है। अपराधी बेलगाम हो गये है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। 6 माह में राज्य में 300 से अधिक बलात्कार, 80 सामूहिक बलात्कार, 200 से अधिक हत्याएं, चाकूबाजी, लूट, डकैती, चेन स्नेचिंग की अनगिनत घटनाएं हो चुकी है।

### 6 माह में नक्सल घटनाओं में वृद्धि

राजधानी में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके है कि अपराधी बिना किसी वाहन के पैदल चल कर चैन खींच कर भाग जाते है। राजधानी में थाने में चाकू मार दिया जाता है पुलिस असहाय हो गयी है। नक्सलवादी घटनायें 6 माह में बढ़ गयी। रोज समाचारों में प्रदेश भर में तीन से चार मासूम अबोध बच्चियों के साथ तथा सामूहिक दुराचार की घटनाओं की खबरें सामने आ रही। राजधानी से लगे आरंग में मॉब लीचिंग में तीन लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है। सरकार अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के बजाये उनको संरक्षण देने में लगी है। हत्यारों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बजाय सरकार सदोष मानव वध का मुकदमा दर्ज करवाया है ताकि अपराधियों को बचाया जा सके।

### गृहमंत्री अपना जिला नहीं संभाल पा रहे

दीपक बैज ने कहा कि बैगा जनजाति के पूरे परिवार को जला कर मार डाला गया। महिलाओं बच्चियों को बहला फुसला कर प्रदेश के बाहर ले जाया जाता है राजनांदगांव के स्टेशन में 21 महिलाओं बच्चियों को तस्कर ले जा रहे थे जिन्हें रोका गया लेकिन अपराधियों के सत्तारूढ़ दल के लोगों से संबंध थे, वे थाने से छोड़ दिये गये। गृहमंत्री का गृह जिला तो हत्या, लूट, मानव तस्करी का केंद्र बन गया है। 6 माह में एक दर्जन से अधिक दुदांर्त हत्या कवर्धा में हुई है। हर दिन बलात्कार की घटनाएं हो रही है। गृहमंत्री अपना गृह जिला नहीं संभाल पा रहे है।

# पीसीसी चीफ पहुंचे बड़े धराऊर, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद दीपक बैज ने लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के बड़े धराऊर निवासी मंगल मुरिया को श्रद्धांजलि देते कहा कि रायपुर में अपराधी तत्वों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई थी। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। सरकार को पत्र लिखकर 5 लाख मुआवजा व सरकारी नौकरी दिलाने परिजनों को आश्वस्त किया। इस दौरान जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा अध्यक्ष महेश कश्यप, केदार ढेक, युवा कांग्रेस चित्रकोट विधानसभा अध्यक्ष भंवर मौर्य, मुंजी पूर्व सरपंच सहित अन्य मौजूद रहे।

## ईंट निर्माण कार्य ने महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की राह खोली

**दंतेवाड़ा।** लगन सही हो तो आत्मनिर्भरता की राह स्वयं ही खुल जाती है। इस बात को जिला मुख्यालय के गीदम विकासखंड अंतर्गत 30 से 35 किलोमीटर दूरी पर हिड़पाल पंचायत में ग्राम मां गौरी स्व-सहायता समूह की महिलाएं चरितार्थ कर रहीं हैं। सुदूर वनक्षेत्र में निवासरत ये ग्रामीण महिलाएं आज सीमेंट ईंट बनाने जैसा श्रम साध्य कार्य को अंजाम देने में जुटी है। इस संबंध में 4-5 पुरूष मिस्त्रियों ने महिलाओं का इस काम में सहयोग करते हुए ईंट बनाने के तैयारी के संबंध में समझाया। फिर उन्हें ईंट मशीन संचालन करना, रेत, डस्ट में सीमेंट की मात्रा की मिलावट के बारे में जानकारी दी। इस तरह 10 महिलाओं ने शुरूआती दौर में 500 ईंट निर्माण की तैयारी की।

# बच्चों ने जवानों के साथ देखी एनिमेशन मूवी और किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत सुरक्षा कैम्प के समीप के गांवों में विकास की गति में तीव्रता देखने को मिल रही है। वहीं ग्रामीणों और सुरक्षाबलों के जवानों के बीच की दूरी भी कम होते नजर आ रही है, बच्चों में भी उत्साह का माहौल नजर आने लगा है।

सुरक्षा बलों द्वारा लगाए जा रहे सिविक एक्शन में बच्चें बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी क्रम में नियद नेल्लानार योजनान्र्तगत माओवाद प्रभावित गंगालूर थाना क्षेत्र में स्थापित मुतवेंडी कैंप में सुरक्षा बलों द्वारा जन संवाद और संपर्क के लिए चलाए जा रहे सिविक एक्शन में इलाके के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 3 जुलाई को कमान्डेंट 202 कोबरा बटालियन अमित कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम मुतवेंडी, थाना गंगालूर जिला बीजापुर में पुलिस और पब्लिक रिलेशन को और मजबूत करने के उद्देश्य से सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत गांव के बच्चों को कैम्प में आमंत्रित किया गया था। इस दौरान विभिन्न तरह के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिस में ग्रामीण बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने जवानों के साथ खाना खाया और एनिमेशन मूवी देखी। गांव के पटेल ने कहा कि इस तरह के आयोजन बीच-बीच में होने चाहिए, इससे गांव के लोगों का मनोरंजन के साथ-साथ जवानों के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके अलावा छात्रों के जरूरत की वस्तुएं जैसे नोटबुक, पेन, पेंसिल और खिलौने तथा लूडो बोर्ड जैसे खेल सामग्री भी वितरित किये गए।